## संक्षिप्त

### एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम का आयोजन

**बीकानेर।** विश्वविद्यालय सामाजिक दायित्व के तहत पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर द्वारा गोद लिए गाँव बम्बलू के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में मंगलवार को एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना था। यु.एस.आर. समन्वयक, वेटरनरी महाविद्यालय, बीकानेर डॉ. प्रियंका कडेला ने एकीकृत बाल विकास की जानकारी देते हुए बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास के लिए संतुलित पोषण की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. निशान्त, शिक्षक प्रताप सिंह एवं विद्याथिर्यों का सहयोग रहा।

### दिनेश चूरा बने कृषि विश्वविद्यालय के कोषाधिकारी

**बीकानेर।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कोषाधिकारी का पदभार मंगलवार को दिनेश चूरा ने संभाला। कुलगुरु डॉ. राजेंद्र बाबू दुबे के निर्देशानुसार पदभार संभालने के पश्चात चूरा ने विश्वविद्यालय के कोष कार्यालय से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कुलगुरु के ओएसडी विपिन लड्ढा, निजी सचिव एस के व्यास सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने चूरा को बधाई दी।

### केंपस प्लेसमेंट शिविर आयोजित

**बीकानेर।** उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट शिविर मंगलवार को कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ। शिविर के दौरान छह कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान 350 युवाओं ने भागीदारी निभाई। इनमें से 66 का प्रारम्भिक चयन किया गया। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के उप निदेशक श्री हरगोबिंद मित्तल ने बताया कि ओरिक मोटर्स द्वारा एक, डीमार्ट द्वारा 24, बेबी हट द्वारा 12, कनिष्क ज्वेलर्स द्वारा 3, येलो फास्ट द्वारा पांच और ग्रीन साइन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड द्वारा 21 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी चौधरी दिनेश कुमार सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

### गर्मी ज्यादा हुई तो कलेक्टर कर सकेंगे छुट्टी

**बीकानेर।** यहा बढ़ रही गर्मी को देखते हुए अब कलेक्टर स्कूलों की छुट्टी भी घोषित कर सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से इसे लेकर आदेश भी जारी कर दिया है।इस आदेश के अनुसार- सभी सरकारी और निजी स्कूलों के समय बदलने या जरूरत पड़ने पर छुट्टी करने का अधिकारी कलेक्टर को होगा।गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में गर्मी को देखते हुए प्रदेश के अधिकांश जिलों में स्कूलों के समय को बदल दिया गया है।ये आदेश 16 मई यानी गर्मियों की छुट्टियां होने से पहले तक लागू रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से कॉर्डिनेट कर छुट्टी के आदेश जारी कर सकेंगे। स्कूलों का समय बदलकर सुबह साढ़े सात बजे कहीं साढ़े ग्यारह बजे कर दिया गया है तो कहीं बारह बजे हुआ है। बीकानेर में कलेक्टर निशांत जैन ने स्कूल सुबह साढ़े सात से साढ़े ग्यारह बजे तक कर दिए हैं, वहीं श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, चूरू सहित कई अन्य जिलों में भी स्कूलों का समय बदल गया है।

### मातृ शक्ति सम्मान समारोह 10 को

**बीकानेर।** लॉयन्स क्लब बीकानेर मल्टीविजन की ओर से होटल राजमहल में स्व. उषा सक्सेना की स्मृति में मातृ शक्ति सम्मान समारोह 10 मई को आयोजित होगा। आयोजन में शहर की 11 प्रेरणादायी महिलाओं को शिक्षा, सामाजिक सेवा, प्रशासन, कला और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक शशांक सक्सेना ने बताया कि समारोह का उद्देश्य महिलाओं की भूमिका और मातृ शक्ति के सम्मान को नई पहचान देना है। क्लब अध्यक्ष सुरेश चन्द्र के अनुसार समारोह की अध्यक्षता महिला अधिकारिता विभाग, बीकानेर की उपनिदेशक अनुराधा सक्सेना करेंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि पर्वतारोही सुषमा बिस्सा होंगी। आयोजकों ने कहा कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्मानित महिलाओं के कार्य बताए। समारोह में सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हस्तियों और नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है।

# गाँव-गाँव में 'ग्राम' और सरकारी योजनाओं का प्रचार करेंगे रथ

- जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हरी झंडी दिखा बीकानेर से किया रवाना



विधायक जेठानंद व्यास व डा.विश्वनाथ मेघवाल व ताराचंद सारस्वत ने गाँव-गाँव में 'ग्राम' और सरकारी योजनाओं का प्रचार रथ को झण्डी दिखाकर रवाना किया।

**बीकानेर।** ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को सरकार की योजनाओं से रूबरू करवाने तथा 23 से 25 मई तक जयपुर में होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पंद्रह दिवसीय ग्राम रथ अभियान मंगलवार को शुरू हुआ।कलेक्ट्रेट परिसर से खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, जिला कलेक्टर निशांत जैन और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जिले की पांचों ग्रामीण विधानसभाओं के लिए एक-एक ग्राम रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कच्छी घोड़ी और मशक वादकों ने लोक धुनों की सुमधुर स्वरलहरियां बिखेरी। पहले दिन यह रथ 26 ग्राम पंचायतों तक पहुंचेंगे। इस अवसर पर खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 'ग्राम' का आयोजन हो रहा है।यह किसानों के लिए बड़ा आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ अभियान के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा, जिससे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार किया जा सके।

बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसके मद्देनजर सतत प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम रथ इसी श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि 'ग्राम' के माध्यम से किसानों को खेती की नई और अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी मिलेगी।

श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव कृषि और कृषक कल्याण को प्राथमिकता दी है। वहीं, प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाने की दिशा में सतत कार्य कर रहे हैं। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने 15 दिनों तक चलने वाले अभियान का कार्यक्रम निर्धारित करते हुए सभी अधिकारियों को इसके अनुसार गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह रथ प्रतिदिन औसतन पांच ग्राम पंचायतों में पहुंचेंगे। रथों के साथ कला जत्था भी रहेगा, जो योजनाओं को रोचक तरीके से प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान अभियान से जुड़े 13 विभागों की योजनाओं से संबंधित सामग्री का वितरण भी किया जाएगा। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी को अभियान का नोडल अधिकारी तथा विधानसभा स्तर पर उपखंड अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने कहा कि रथों की सुरक्षा से जुड़े पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। प्रत्येक रथ के साथ दो कांस्टेबल तैनात रहेंगे। रात्रि में इन्हें प्राथमिकता से पुलिस थानों अथवा चौकी पर सुरक्षित रखा जाएगा। इस दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती शैलजा पांडे, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव, उपखंड अधिकारी सुश्री महिमा कसाना, जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हरि शंकर आचार्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उपखंड कोलायत में राज्य स्तरीय आकस्मिक निरीक्षण

- उपखंड कोलायत में राज्य स्तरीय दल ने आकस्मिक निरीक्षण किया
- बड़ी संख्या में कार्मिक अनुपस्थित, कई कार्यालयों पर मिले ताले

**बीकानेर।** राजस्थान सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय (निरीक्षण) विभाग के निर्देशानुसार मंगलवार को जिले के उपखंड कोलायत स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों एवं विभागों का राज्य स्तरीय आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण) सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित दल द्वारा प्रातः 9:50 बजे किया गया।निरीक्षण दल में सहायक शासन सचिव राम स्वरूप विश्नोई,अनुभाग अधिकारी महेन्द्र कुमार सरावता सहायक अनुभागाधिकारीचेना राम भदाला, लिपिक ग्रेड-द्वितीय वीर सिंह व तरुण कुमार मीणा शामिल रहे। शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण) सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कोलायत के कुल 20 कार्यालयों की जांच की गई। इनमें राजपत्रित अधिकारियों के 22 पदों में से 9 अनुपस्थित पाए गए, जो 40.90 प्रतिशत है। वहीं, अराजपत्रित कर्मचारियों के 137 पदों में से 70 अनुपस्थित पाए गए, जो 51.09 प्रतिशत अनुपस्थिति दर्शाता है। शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय के मुख्य द्वार सहित सभी कक्षों पर ताले लगे पाए गए, जिससे उपस्थिति पंजिका का सत्यापन नहीं हो सका। अधिशासी अभियंता कार्यालय के समस्त कक्ष भी बंद मिले। जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता कार्यालय के दो कक्षों पर भी ताले लगे पाए गए। इसके अलावा, राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोलायत का मुख्य द्वार भी सुबह 10:25 बजे बंद मिला।निरीक्षण दल द्वारा अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत की जाएगी।

## स्कूल, कॉलेज विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया

- फोटोग्राफी प्रदर्शनी में अब तक 200 से अधिक कॉलेज और स्कूल के विद्याथिर्यों ने अवलोकन किया है

**बीकानेर।** मलंग फोक फाउंडेशन द्वारा गंगाशहर स्थित सेंटर फॉर लाइफ, धरम सज्जन ट्रस्ट में आयोजित की जा रही 'मैपिंग कल्चर्स' शीर्षक से प्रख्यात फोटोग्राफर एलिज़ाबेथ सिम्सन (1931-2025) की फोटोग्राफी प्रदर्शनी में अब तक 200 से अधिक कॉलेज और स्कूल के विद्याथिर्यों ने अवलोकन किया है. विद्याथिर्यों के अलावा बड़ी संख्या में युवाओं, स्कॉलर, शोध विद्यार्थी, फोटोग्राफर और आमजन भी रुचि दिखा रहे हैं. प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए आए दर्शकों ने प्रदर्शनी के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में विशेष रूप से पश्चिमी राजस्थान के वस्त्र, लोक संगीत, कारीगरी और जनजीवन की झलक देखने को मिली, जो आज के बदलते समय में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संदर्भ प्रस्तुत करती है। यह आयोजन न केवल अतीत की स्मृतियों को सहेजने का प्रयास है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इन परंपराओं को समझने और उनसे जुड़ने का एक सशक्त माध्यम भी है। प्रदर्शनी 10 मई 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

मलंग फोक फाउंडेशन के निदेशक गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए वनस्थली विद्यापीठ से शोध विद्यार्थी, बी जे एस रामपुरिया कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ़ फाइन आर्ट के छात्रों के अलावा शिक्षक अनिकेत कछावा, शंकर रॉय, शिक्षाविद गिरिराज खेरीवाल, कोषाधिकारी धीरज जोशी, जनसंपर्क अधिकारी हरिशंकर आचार्य, प्रख्यात चित्रकार पृथ्वी के अलावा अनेक लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया.

एलिज़ाबेथ सिम्सन द्वारा पिछले कई दशकों में राजस्थान और गुजरात के विभिन्न हिस्सों में किए गए यात्राओं के दौरान लिए गए ये चित्र केवल दृश्य दस्तावेज़ नहीं हैं, बल्कि समय के साथ बदलते समाज, जीवन-शैली और सांस्कृतिक परंपराओं के जीवंत साक्ष्य भी हैं। उनकी दृष्टि में ग्रामीण जीवन, लोक कलाएँ, वस्त्र परंपराएँ और मानवीय भावनाएँ एक विशेष संवेदनशीलता और गहराई के साथ उभरकर सामने आती हैं।मलंग फोक फाउंडेशन द्वारा प्रदर्शनी में आम जन के लिए प्राचीन समय में गांव में मनोरंजन का साधन रहे बायोस्कोप को भी प्रदर्शित किया गया है जिसमे बीकानेर की 50 साल से भी अधिक पुराने फोटो को दिखाया जा रहा है। प्रदर्शनी में आने वाला हर व्यक्ति बायोस्कोप को देखकर अपने बचपन की यादें ताजा कर रहा है।

### मंदिर में युवक पर तलवार-लाठी से हमला

**हनुमानगढ़।** यहा टाउन थाना क्षेत्र में एक युवक पर उसकी पत्नी के परिजनों और उनके साथियों ने हमला कर दिया। यह घटना भभूतासिद्ध मंदिर में हुई, जहां युवक दर्शन करने गया था। हमले में युवक घायल हो गया और उसकी कार को भी नुकसान पहुंचा। पुलिस ने इस मामले में 3 नामजद सहित 5-6 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड निवासी मांगीलाल ने पुलिस को बताया कि उसने करीब 2 साल पहले इंद्रा नामक युवती से कोर्ट मैरिज की थी। इस शादी के बाद से ही पत्नी के परिजन उससे रंजिश रखते थे। 24 अप्रैल की रात करीब 7:45 बजे मांगीलाल अपनी पत्नी, 7 महीने के बेटे और परिचितों के साथ चक 2 एसएसडब्ल्यू स्थित भभूतासिद्ध मंदिर में दर्शन करने गए थे। मांगीलाल के मंदिर पहुंचते ही रवि, शंकर, विक्रम सहित 4-5 अन्य लोग वहां आ गए। आरोपियों के हाथों में तलवार, लाठी, गंडासी और ईंटें थीं। उन्होंने आते ही मांगीलाल पर हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी।

## उदयरामसर में छात्राओं को साइकिलें वितरित की

**बीकानेर।** राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत बीकानेर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयरामसर में आज 33 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि लंबी दूरी के कारण उनकी पढ़ाई बाधित न हो। यह कदम बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।



विद्यायालय छात्राओं को साइकिलें वितरित की।

यह वितरण कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इसमें सरपंच हेमंत सिंह यादव, प्राचार्य रतन लाल छलाणी, उप प्राचार्य सुनीता चन्देल, ममता जोशी, व्याख्याता नीतू देवी, लिछमा गोविल, प्रभारी अनिता कुमारी, भैरव कुमावत, मोहम्मद शरीफ पंवार के कर कमलो से बालिकाओं को साइकिलें प्रदान की गई। बालिकाओं के चेहरे पर साइकिल प्राप्त करने की खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उपस्थित अतिथियों ने इस योजना को विशेष रूप से उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इससे बालिकाओं की ड्रॉपआउट दर में कमी आ रही है और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। अतिथियों ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सदस्य आरती कटारिया, सुमन कड़ेला, योगिता भाकर, सूची सरदाना, विकास वर्मा अनीता यादव, शोभा रानी, सोनू शर्मा, मीरा देवी आदि भी मौजूद थे।

### श्रीगणेश मंदिर में 11हजार हनुमान चालीसा पाठ

**अनूपगढ।** यहा श्री गणेश मंदिर धाम में श्रीगणेश मंदिर कमेटी और अग्रवाल सभा समिति की ओर से एक विशाल धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। 30 अप्रैल और 1 मई को वैशाख सुदी चतुर्दशी और पीपल पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री हनुमान चालीसा के 11 हजार अखंड पाठों का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबने वाला है। मंदिर धाम के मुख्य पुजारी पंडित राजेश शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भव्य आयोजन गुरुवार, 30 अप्रैल को सुबह 8:15 बजे विधिवत रूप से शुरू होगा। यह धार्मिक अनुष्ठान लगातार दो दिनों तक चलेगा और शुक्रवार, 1 मई को पूर्णिमा के दिन इसका समापन किया जाएगा।पंडित शास्त्री के अनुसार, इस अखंड पाठ का मुख्य उद्देश्य भक्तों के सकल मनोरथों की पूर्ति और विशेष रूप से बालकों के यश, विद्या और बुद्धि बल में वृद्धि के लिए संकल्प दिलाना है।

## एक दिन में 450 से अधिक किशोरियों को सुरक्षा टीका लगा

- बीकानेर में कुल 67 स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजि त किए

**बीकानेर।** एचपीवी टीकाकरण को लेकर जिला स्तर पर संचालित विशेष अभियान के तहत टीकाकरण की गति लगातार बढ़ रही है। सोमवार को जिले भर में 450 से अधिक किशोरियां टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचीं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि बीकानेर में कुल 67 स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। जिला कलेक्टर निशांत जैन के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रीमती शैलजा पांडे की सघन मॉनिटरिंग के चलते सभी क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान जोर पकड़ रहा है।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भवानी शंकर गहलोत ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ ब्लॉक द्वारा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सोनी के नेतृत्व में बेहतरीन प्रयास किए गए हैं। इस ब्लॉक में सर्वाधिक 109 किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण का सुरक्षा चक्र दिया गया। टीकाकरण के प्रति बढ़ता उत्साह इस अभियान की सफलता को दर्शा रहा है।



एचपीवी टीकाकरण अभियान में किशोरियों को सुरक्षा टीके लगाये।

डॉ. गहलोत ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर यानी गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, स्तन कैंसर के बाद भारत में महिलाओं में सबसे अधिक होने वाला कैंसर है।

एचपीवी टीका इस गंभीर बीमारी से शत-प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि 14 से 15 वर्ष 90 दिन की प्रत्येक लक्षित बालिका को इस टीके से कवर किया जा सके।

## सार-समाचार

### कलेक्ट्रेट पर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

**श्रीगंगानगर।** महिला आरक्षण बिल लागू करने की मांग लेकर मंगलवार को महिला कांग्रेस की ओर से श्रीगंगानगर जिला कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया गया। महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमला बिश्नोई ने कहा- तीन साल पहले संसद में पास हुए महिला आरक्षण बिल को केन्द्र की बीतेपी सरकार ने आज तक लागू नहीं किया। लेकिन चुनाव नजदीक आते ही महिला बिल को मुद्दा बनाकर देश को मूर्ख बनाते हैं। महिला कांग्रेस पूरे देश में बीजेपी के खिलाफ इसलिए प्रदर्शन कर रही है। हम देश की महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ रही हैं।प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुईं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण का सपना दिखाकर वोट लेती है। लेकिन सत्ता में आने के बाद उनका हक टालती रहती है।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि सरकार को बिना देरी 33 फीसदी महिला आरक्षण सभी विधानसभाओं और लोकसभा में लागू करना चाहिए। जिससे देश की आधी आबादी को राजनीतिक भागीदारी का सही हक मिल सके।

### सांखला व कोटगेट रेलवे फाटक पर जाम के दौरान लगेगा छाया टेंट

**बीकानेर।** देहात भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने जिला कलेक्टर निशांत जैन से दूरभाष पर वार्ता कर बीकानेर के सांखला रेलवे फाटक एवं कोटगेट रेलवे फाटक पर जाम की स्थिति में आमजन को हो रही परेशानी से अवगत कराया।श्याम पंचारिया ने बताया कि दोनों रेलवे फाटकों पर प्रतिदिन वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को भीषण गर्मी में लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि गत वर्ष प्रशासन द्वारा इन स्थानों पर छाया टेंट की व्यवस्था कर आमजन को राहत दी गई थी। इस वर्ष भी गर्मी के विकराल रूप को देखते हुए सांखला एवं कोटगेट रेलवे फाटक पर शीघ्र छाया टेंट लगवाने की मांग की गई।इस पर जिला कलेक्टर निशांत जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत आदेश जारी करने की बात कही तथा आश्वस्त किया कि कल से दोनों स्थानों पर टेंट व्यवस्था कर दी जाएगी, ताकि जाम के दौरान खड़े आमजन को राहत मिल सके।श्याम पंचारिया ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए त्वरित निणन्य लेना सराहनीय है और इससे हजारों शहरवासियों को भीषण गर्मी में राहत मिलेगी।

### 16 साल की किशोरी को मोबाइल देकर दोस्ती, मौका देख करता रहा दुष्कर्म

**बीकानेर।** श्रीडूंगरगढ़ के एक गांव में 16 साल की किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को दोषी माना। अनुसंधान में सामने आया कि आरोपी ने किशोरी को मोबाइल फोन देकर उससे दोस्ती की और बाद में उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता की ओर से श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाने में 10 फरवरी को रिपोर्ट दी गई थी कि उसके गांव में रहने वाले 23 साल के युवक ने नहाते हुए उसका अश्लील वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। उसके माता-पिता मजदूरी पर जाते तो घर में अकेली देखकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। एक फरवरी को भी आरोपी ने घर आकर दुष्कर्म किया। इस दौरान माता-पिता घर पहुंच गए तो आरोपी ने धमकी दी और जातिसूचक गालियां निकालकर वहां से भाग निकला। मुकदमा दर्ज होने के बाद श्रीडूंगरगढ़ सीओ निकेत पारीक ने युवक को गिरफ्तार किया। पीड़िता और आरोपी युवक दोनों एक ही गांव के हैं। दो साल पहले पीड़िता खेतों में मजदूरी करने जाती थी। इस दौरान वह आरोपी के खेत में मजदूरी के लिए गई तो वहां दोनों की पहचान हो गई। उसी दिन आरोपी ने पीड़िता को मोबाइल फोन दिया जिससे दोनों बातचीत करने लगे। पीड़िता घर में अकेली होती थी तो आरोपी वहां पहुंच जाता और शारीरिक संबंध बनाता था। बाद में इसकी जानकारी पीड़िता के घरवालों को भी हो गई। अनुसंधान में घटना की तारीख एक फरवरी, 26 को आरोपी पीड़िता की ढाणी में जाना नहीं पाया गया। पीड़िता के नहाते हुए वीडियो बनाने की भी पुष्टि नहीं हुई है और ना ही कोई वीडियो मिला। आरोपी के खिलाफ चालान पेश कर दिया है।जिम से लौट रहे दंपती की गाड़ी को टक्कर मारी

### डंडे-रोड लेकर घर पहुंचे, धमकाया और कार के शीशे फोड़ डाले

**श्रीगंगानगर।** स्कूटी सवार युवकों ने व्यापारी के घर में जबरन घुसकर मारपीट करने की कोशिश की बाहर खड़ी कार के शीशे तोड़ दिए। दंपती जिम से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान स्कूटी सवार युवकों ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। जिसके बाद विवाद हुआ और गाड़ी में तोड़फोड़ की गई।व्यापारी अंकुर बिहाणी का आरोप है कि- वे सुबह 9 बजे अपनी पत्नी के साथ जिम से लौट रहे थे। सत्यम हॉस्पिटल के पास मीरा मार्ग रोड की तरफ घर की तरफ गाड़ी टर्न करते समय पीछे से आ रही स्कूटी ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। इंडिकेटर देने के बावजूद यह टक्कर हुई।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति पीलीबंगा जिला हनुमानगढ**
E-mail : kums.piliban@rajasthan.gov.in
पताः-कार्यालय, कृषि उपज मण्डी समिति, पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ राजस्थान

क्रमांकः-114 | दिनांकः- 27.04.2026

**कार्यालय आदेश**

इस कार्यालय द्वारा आवंटन विज्ञप्ति क्रमांक 1340-62 दिनांक 19.03.2026 जारी की गई थी, जिसमें आवेदन प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 27.04.2026 समय सायः 6:00 बजे रखी गई है की अवधि आगे बढ़ाकर दिनांक 12.05.2026 समय सांयः 6:00 बजे तक आवंटन विज्ञप्ति में आवेदनकर्त्ता आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

राज.संवाद/सी/26/1673 | सचिव

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)**
नेशनल हाईवे नम्बर- 11, श्रीडूंगरगढ जिला- बीकानेर
Tel. : 01565-224766 E-mail id : nagarpalikadungargarh0@gmail.com

क्रमांक :-न.पा.श्रीडूं/287 | दिनांक :- 24.04.2026

**नीलामी सूचना**

नगरपालिका श्रीडूंगरगढ़ के द्वारा शहर की बसों के प्रवेश पर बस अड्डा शुल्क वसूली ठेका की निलामी आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते व अन्य विवरण वेबसाईड sppp.rajasthan.gov.in पर कर दिया गया हैं। जिसके युबीएन नम्बर निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | UBN NO |
|---|---|
| 1. | DLB2627SSOB02554 |

राज.संवाद/सी/26/1609 | ई. अधिशाषी अधिकारी (तहसीलदार)

**RAJASTHAN STATE FOREST DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
**Regional Office, Bikaner**

क्रमांक :- एफ ( )नीलामी/मप्र/राराववनिलि/क्षेकाबी/2026-27/412 | दिनांक :- 24/04/2026

**नीलामी सूचना सं. 01/2026-27**

सर्वसाधारण विशेषकर लकड़ी/वनउपज व्यापारियो को सूचित किया जाता है कि प्रादेशिक वनमण्डल, इं.गा.न.प. स्टेज-प्रथम, छतरगढ़ के विभिन्न स्थानों पर संग्रहित वनउपज की नीलामी नीचे वर्णित कॉलम संख्या 7 अनुसार निर्धारित स्थान व दिनांक को "जहाँ है जैसे है" के आधार पर की जावेगी। अतः इच्छुक बोलीदाता दिनांक 14.05.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे तक प्रतिभूति/धरोहर राषि 15000/- का डी.डी. महाप्रबन्धक राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बीकानेर के नाम का जमा करवाकर बोली स्थल प्रादेशिक वनमण्डल, छतरगढ़ में स्वयं/प्रतिनिधि उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है।

| क्र. सं. | वनउपज एकत्रित लकड़ी का स्थान | चट्टा संख्या | वजन (क्विंटल में) | लकड़ी/वनउपज का प्रकार | बोली प्रारम्भ राशि (रूपये में) प्रति क्विंटल | नीलामी दिनांक/समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वनमण्डल परिसर, छतरगढ़ | 1 | 1069 | Tortilis Wood | 300 | 14.05.2026 प्रातः 10.00 बजे से प्रादेशिक वनमण्डल, छतरगढ़ |
| 2 | नाका दन्तौर | 1 | 483.40 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| 3 | NY 7 PHM | 1 | 10 | Sheesham Wood | 1000 | |
| 4 | NY 27 KYD | 1 | 68.45 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| 5 | NY 610 RD | 1 | 618 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| 6 | NY 3 KJD | 1 | 121.30 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| 7 | अस्थाई डिपो IGNP MC 560 RD | 1 | 404.70 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| 8 | अस्थाई डिपो IGNP MC 507 RD | 1 | 488.85 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| | | 2 | 473.70 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| | | 3 | 520.10 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| | | 4 | 339.00 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| | | 5 | 529.75 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| 9 | अस्थाई डिपो IGNP MC 465 RD | 1 | 135.35 | Timber Safeda | 500 | |
| | | 2 | 418.65 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| | | 3 | 396.60 | Fuel Wood Panchmel | 300 | |
| | कुल योग | | 6076.85 | | | |

नीलामी कार्यक्रम, शर्ते, प्रतिभूति राशि, नीलामी के नियम आदि की जानकारी कार्यालय में देखी जा सकती है। प्रतिभूति राशि नीलामी स्थल पर नीलामी से पूर्व जमा करानी होगी। अन्य जानकारी हेतु प्रभारी प्रबंधक के दूरभाष नम्बर 9414082990 पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

महाप्रबन्धक
राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड
क्षैत्रीय कार्यालय बीकानेर

राज.संवाद/सी/26/1664